# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 08.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, हिन्दुस्तान," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 08.09.2024

# रथयात्रा से जलकल तक 18 मीटर चौड़ी होगी सड़क

## बीटीएस, रणवीर संस्कृत विद्यालय, भिनगाराज, सीएचएस की जमीन आ रही जद में

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहरवासियों को जाम से राहत पहुंचाने, यातायात व्यवस्था और बेहतर करने के लिए शहर के प्रमुख मार्ग रथयात्रा चौराहे से जलकल विभाग तक सड़क 18 मीटर चौड़ी की जाएगी। सड़क चौड़ीकरण की जद में बेसेंट थियोसोफिकल एचएस स्कूल (बीटीएस), रणवीर संस्कृत विद्यालय, शैलेश अपार्टमेंट, भिनगाराज, सीएचएस ब्वायज की जमीन आ रही है।

ज्यादातर जमीन सरकारी होने के चलते विकास प्राधिकरण को जमीन लेने में आसानी होगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पिछले दिनों बीएचयू के अधिशासी व सहायक अभियंता और सीएचएस स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ निरीक्षण किया था। वीडीए उपाध्यक्ष ने मसौदा तैयार कर जिलाधिकारी एस राजलिंगम से चर्चा की है। डीएम के निरीक्षण करने के साथ योजना पर फाइनल मुहर लग जाएगी।



रथयात्रा से कमच्छा मार्ग पर लगा जाम। (फाइल फोटो)

- वीडीए उपाध्यक्ष ने मसौदा तैयार कर डीएम से की चर्चा, निरीक्षण के बाद लगेगी मुहर
- सड़क संकरी होने के चलते यातायात विभाग ने कर दिया वन-वे, फिर भी लगता है जाम

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के साथ शहर में पर्यटकों में काफी वृद्धि हो गई है। चौड़ी सड़कों पर भी जाम की स्थिति बनी रहती है। कैंट रेलवे स्टेशन से साजन तिराहा, सिगरा, रथयात्रा चौराहा, कमच्छा, भेलूपुर होते बीएचयू जाने का प्रमुख मार्ग है लेकिन रथयात्रा चौराहे से कमच्छा तक सड़क सकरी होने से आए दिन जाम लगने पर यातायात विभाग ने वन-वे कर दिया है। रथयात्रा चौराहे से गुरुबाग होते कमच्छा जाने का रास्ता है। इस मार्ग पर भी वाहनों का अधिक दबाव होने के चलते जाम लगता है।

### पीडब्ल्यूडी ने 14.09 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की

रथयात्रा चौराहे पर बीटीएस जमीन पर रोपवे का स्टेशन बन रहा है। भविष्य में बाहर पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए रथयात्रा चौराहे से 150 मीटर गुरुबाग तक सड़क चौड़ी की जा रही है। लोक निर्माण विभाग ने सर्वे कर 14.09 करोड़ रुपये का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनी है। दोनों सड़कों के चौड़ीकरण के साथ शहरवासियों को जाम से काफी राहत मिलेगी।

### रोपवे स्टेशन बनने के साथ और बढ़ेगी भीड़

रथयात्रा चौराहे पर रोपवे स्टेशन बनने के साथ पर्यटकों की भीड़ और बढ़ जाएगी। जिला प्रशासन का मानना है कि रोपवे स्टेशन बनने के बाद सड़क चौड़ीकरण का काम करना चुनौती भरा होगा। उससे पहले सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा कर लिया जाए।

### बीएचयू जो चाहे कराए काम

वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा है कि सड़क चौड़ीकरण में जितनी जमीन आ रही है, उस हिसाब से राशि तय कर बीएचयू समेत अन्य लोगों को दिया जाएगा। संबंधित व्यक्ति चाहेंगे तो हम भवन निर्माण, नया पार्क आदि बना देंगे।



"रथयात्रा से जलकल विभाग तक सड़क चौड़ीकरण में ज्यादातर जमीन और भवन सरकारी है, ऐसे में उनकी जमीन लेने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। बीएचयू, बीटीएस समेत अन्य लोगों की जमीन लेने से पहले पूरी राशि दी जाएगी। अंतिम मुहर जिलाधिकारी को लगानी है।

-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

### दैनिक जागरण–दि0 08.09.2024

# जलनिकासी को लेकर किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नटनियादायी से रिंग रोड तक जलभराव को लेकर शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने निरीक्षण किया। जल निगम की ओर से बनाए गए ड्राइंग और मौके की स्थिति देखने के साथ अभियंता से जानकारी ली।

## अमर उजाला–दि0 08.09.2024

### निरीक्षण के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने दी हिदायत

**वाराणसी।** लालपुर आवासीय योजना में जनसुविधाओं का विकास कार्य कराया जाएगा। यह हिदायत वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दी। शनिवार को लालपुर आवासीय योजना के प्रथम, द्वितीय चरण, ऐढ़े में चल रहे केसी ड्रेन, आरसीसी ड्रेन के निर्माण कार्यों का वीडीए उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे 3.49 करोड़ की लागत से 12.5 किमी लंबाई में केसी ड्रेन और 2.55 किमी आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ब्यूरो

## आज–दि0 08.09.2024

### करोड़ों से तैयार हुए परियोजना का विप्रा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को लालपुर आवासीय योजना में केसी ड्रेन/आरसीसी ड्रेन से निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सड़कों के किनारे तीन करोड़ ४९ लाख ८४ हजार की लागत से लगभग १२ हजार ५०० मीटर लंबाई के केसी ड्रेन और २५५० मीटर लंबाई में आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष ने निर्माण कर रही एजेंसी के ठेकेदार से आवश्यक बातचीत करने के बाद उनकी चूड़ी कसी। उन्होंने निर्देश दिया कि नालियों के निर्माण.से वर्षा और जलनिकासी की समस्या उत्पन्न नही होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित कार्य एक माह के भीतर पूर्ण हो जाना चाहिए। समय से कार्य न पुरा होने पर आवश्यक काररवाई के लिए तैयार रहे। साथ ही उन्होंने अभियंताओं को भी निर्देश दिया कि होने वाले कार्य की गुणवत्ता शत-प्रतिशत सही हो। मौके पर अधीक्षण अभियंता आनन्द मिश्र, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्र, अवर अभियंता ब्रजेश सिंह मौजूद थे।

### एक करोड़ में सुधरेगा आवासीय योजना का आवश्यक कार्य

विप्रा उपाध्यक्ष ने शनिवार को लालपुर आवासीय योजना के फेज नंबर १ के अंतर्गत प्रथम चरण के ब्लाक सी में एक करोड़ ४५ लाख ७२ हजार के आवश्यक कार्य के लिए तैयार की गयी परियोजना पर निविदा आमंत्रित किया। इस योजना में संबंधित ब्लाक में सुंदरीकरण किया जायेगा। हालांकि सात-आठ वर्ष पूर्व इस स्थान पर आवश्यक कार्य किया गया था लेकिन कार्य योजना सफल नही हो पायी। वर्तमान समय सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पटरियां कच्ची होने से लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। संबंधित परियोजना में १५४० मीटर लंबाई की सड़क में जेएसबी के माध्यम से मरम्मत कार्य कराया जायेगा, डीबीएम, और बीसी का कार्य सड़कों के दोनों पटरियों पर नालियों तथा इंटरलाकिंग टाईल्स लगाया जायेगा। इस कार्य में नवसृजित ४५ भूखंडों के सामने ९७ मीटर लंबाई की सड़कें १११ मीटर सीवर और पेयजल लाइन और १८२ मीटर लंबाई पर केसीडेंट का कार्य होना है।

### दो बीघा प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर सारनाथ में लगभग एक बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी प्रकार सारनाथ के ही मौजा बनकट के ही आधा बीघा और मौजा-चौबेपुर में आधा बीघा अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे अवर अभियंता ने तीनों स्थानों पर प्लाटिंग के लिए किया जा रहा निर्माण को ध्वस्त करा दिया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जेपी गुप्त, स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### नगर आयुक्त और विप्रा उपाध्यक्ष ने किया जलजमाव का निरीक्षण

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने सिंधोर रोड पर जलभराव से हो रही समस्या का जल निगम के स्तर से तैयार की गयी प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने अभियंता से आवश्यक पूछताछ करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट का निर्माण होने के बाद किसी भी दशा में जलजमाव जैसी समस्या नही होनी चाहिए। निरीक्षण में अन्य अधिकारियों में महाप्रबंधक जलकल, विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता जलकल के सहायक और अवर अभियंता और नगर निगम के अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 08.09.2024

### वीडीए ने अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण जोन-2, वार्ड-सारनाथ के प्रवर्तन टीम ने एक बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की। सारनाथ, मौजा-बनकट के अंतर्गत अज्ञात ने 0.5 बीघा पर तथा मौजा-चौबेपुर के अंतर्गत 0.5 बीघा पर इस प्रकार कुल एक बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।

### विकास कार्य के लिए वीडीए करायेगा निविदा

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशों के अनुपालन में नगर के सुनियोजित विकास के लिए लालपुर आवासीय योजना फेस-1 के अंतर्गत प्रथम चरण में ब्लॉक-सी के अंश भाग में सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए धनराशि रु. 1 करोड़ 45 लाख 74 हजार का आगणन तैयार कर निविदायें आंमत्रित की गयी हैं। सड़क ड्रेन और पटरियों का काम कराया जाना है। लालपुर आवासीय योजना प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं ऐढ़े में गतिमान केसी ड्रेन/आरसीसी ड्रेन के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। योजनांतर्गत विभिन्न सड़कों के किनारे रु. 03 करोड़ 49 लाख 84 हजार से काम होना है।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 08.09.2024

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग किया ध्वस्त

वाराणसी। शहर में हो रहे अवैध प्लाटिंग को लेकर वीडीए इन दिनों सख्त है। अभियान चलाकर विभाग जहां ऐसे निर्माण को ध्वस्त कर रही है ,वहीं निर्माणकर्त्ता के खिलाफ कारवाई भी कर रही है। इसको लेकर विभाग की टीम शनिवार को अचानक सारनाथ वार्ड में पहुंचा। जहां मौजा बनकट में अज्ञात द्वारा 0.5 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग को विकसित होते देखा और इसकी जानकारी हासिल की।इस दौरान प्रर्वतन टीम ने जहां निर्माण कार्य को रोक दिया ,वहीं अवैध निर्माण को ध्वस्त भी कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स डटी रही और लोगों की काफी भीड़ बनी रही। इस अवसर पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जे.पी. गुप्ता सहित विभागीय लोग शामिल रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 08.09.2024

# लालपुर आवासीय योजना का रंग-रूप बदलेगा

**वीडीए ने मांगी निविदा**

**एक करोड़ 45 लाख 74 हजार हजार आगणन किया तैयार**



वाराणसी। लालपुर आवासीय योजना का रंग- रूप जल्द बदलेगा। जहां क्षतिग्रस्त पड़े सड़क ठीक होगी और आंवटियों को हो रही परेशानी दूर होगी। इसके सुंदरीकरण के लिए वीडीए ने जहां निविदायें मांगा है ,वहीं इस कार्य के लिए करोड़ों रूपयों का आंगणन भी किया है जिससे ब्लॉक-सी में नवसृजित 45 भूखण्डों के सामने लगभग 97 मी० लम्बाई में सड़कें, लगभग 111.00 लम्बाई में सीवर/वॉटर लाइन डालने और लगभग 182.00 लम्बाई में के०सी० ड्रेन का निर्माण कार्य कराया जाना भी सम्मिलित हैं।

इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को लालपुर आवासीय योजना फेस-1 के अन्तर्गत प्रथम चरण में ब्लॉक-सी के अंश भाग में सड़कों के सुंदरीकरण कार्य हेतु जहां, एक करोड़ 45 लाख 74 हजार रूपये का आगणन तैयार किया है,वहीं इस कार्य को करने के लिए निविदायें आंमत्रित की गयी हैं। जिससे कार्य किये जाने से कई स्थानों पड़े क्षतिग्रस्त सड़क से लोगों को परेशानी से मुक्ति मिलेगा। इस कार्य के लिए विभाग ने हुए लगभग 1540.00 मी.लम्बाई में सड़कों की सतह का मरम्मत कराने के लिए जी.एस.बी.के माध्यम से कराने और डी.बी.एम.की बी.सी. का कार्य के अलावा सड़कों की दोनों पटरियों पर नालियों तक इन्टरलॉकिंग तथा टाइल्स लगाया जाना प्राविधानित है।

## हिन्दुस्तान–दि0 08.09.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष ने किया ड्रेन निर्माण का निरीक्षण

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को लालपुर आवासीय योजना और ऐढ़े में ड्रेन (नाली) निर्माण का निरीक्षण किया गया। उन्होंने गति बढ़ाकर समय से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निर्मित नालियों की समुचित सफाई को कहा। एसई आनंद मिश्रा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता विजय सिंह आदि थे उनके साथ मौजूद रहे।